# सरला मनीषी एजूकेशनल ट्रस्ट

4. साई धाम कालोनी सेक्टर–11 इन्दिरा नगर लखनऊ (उ0प्र0)
Mob.- +91 8879844842, 7021484718

पत्रांक मे.गो.०– दिनांक 04/09/2022

## सरला मनीषी एजूकेशनल ट्रस्ट की बैठक दिनांक 04.09.2022 का कार्यवृत्त

दिनांक 27.06.2022 को प्रसारित सूचना के आधारित एजेण्डा के आलोक में आज दिनांक 04.09.2022 को सरला मनीषी एजूकेशनल ट्रस्ट, 4, साई धाम कालोनी सेक्टर–11 इन्दिरा नगर लखनऊ (उ0प्र0) के प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक अध्यक्ष श्री जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी जी की अध्यक्षता में सरला मनीषी एजूकेशनल ट्रस्ट बैठक कक्षा में प्रातः 11:00 बजे निम्नलिखित एजेण्डा के आलोक में बैठक आरम्भ हुई।

| | |
|---|---|
| एजेण्डा:– | 1. प्रबन्धकारिणी समिति की पिछली बैठक की पुष्टि हेतु प्रस्ताव।<br>2. पूर्व में प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना की अनुमति का प्रस्ताव।<br>3. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से। |
| | क्रमांक नाम — पद — हस्ताक्षर<br>1. श्री जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी — अध्यक्ष<br>2. श्री प्रखर त्रिपाठी — प्रबन्धक/सचिव<br>3. डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार त्रिपाठी — सदस्य<br>4. शुभ्रा त्रिपाठी — सदस्य<br>5. श्रीमती सुष्मिता त्रिपाठी — सदस्य<br>6. श्रीमती पुष्पा त्रिपाठी — सदस्य |
| प्रस्ताव सं0–1 | गणपूर्ति को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष महोदय ने कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की। बैठक कार्यवाही आरम्भ हुई:– |
| अनुमोदन | प्रबन्धकारिणी समिति की पिछली बैठक कार्यवाही अध्यक्ष श्री जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी ने पढ़कर सुनाया। उपस्थित सभी सदस्यों ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि की। |
| प्रस्ताव सं0–2 | श्री प्रखर त्रिपाठी, प्रबन्धक/सचिव ने सभा को यह अवगत कराया कि समाज हित को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा पूर्व में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना हेतु प्रस्ताव किया गया था। अतः समिति द्वारा कटरा लाल गंज, गौरीगंज जिला अमेठी उत्तर प्रदेश में एक डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना एवं संचालन हेतु प्रस्ताव किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है। |
| अनुमोदन– | उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से कटरा लाल गंज, गौरीगंज जिला अमेठी उ0प्र0 में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना के इस प्रस्ताव का समर्थन किया और स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही हेतु प्रबन्धक/सचिव श्री प्रखर त्रिपाठी को अधिकृत किया तथा उक्त कॉलेज की स्थापना में जैसे– भूमि, भवन, फर्नीचर, वेतन आदि मदों में व्यय हेतु समिति के कोष से धन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया एवं इन कार्यों हेतु भी प्रबन्धक/सचिव श्री प्रखर |

# सरला मनीषी एजूकेशनल ट्रस्ट

4, साई धाम कालोनी सेक्टर–11 इन्दिरा नगर लखनऊ (उ0प्र0)
Mob.- +91 8879844842, 7021484718

| | |
|---|---|
| | त्रिपाठी को अधिकृत किया गया। |
| प्रस्ताव सं0–3 | डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार त्रिपाठी, सदस्य ने प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फॉर्मेसी कॉलेज के नामकरण की आवश्यकता से अवगत कराया तथा प्रस्ताविक संस्थान हेतु "सरला मनीषी कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Sarla Manishi College of Pharmacy) नाम प्रस्तावित किया। |
| अनुमोदन | उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज का नाम "सरला मनीषी कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Sarla Manishi College of Pharmacy) रखने का समर्थन किया। |
| प्रस्ताव सं0–4 | श्रीमती सुष्मिता त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष ने यह प्रस्ताव किया कि प्रस्तावित कॉलेज हेतु भूमि चिन्हित कर दिया जाय तथा कटरा लाल गंज, गौरीगंज जिला–अमेठी उ0प्र0 में उपलब्ध समिति की भूमि गाटा सं0–593 कुल रकबा 3050 वर्ग मी0 पर लेने का विचार किया गया। |
| अनुमोदन– | उपस्थित सभी सदस्यों के समस्त विचारोपरान्त सर्व सम्मति से कटरा लाल गंज, गौरीगंज जिला–अमेठी उ0प्र0 में उपलब्ध समिति की भूमि गाटा सं0–593 कुल रकबा 3050 वर्ग मी0 को "सरला मनीषी कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Sarla Manishi College of Pharmacy) के निर्माण एवं संचालन हेतु चिन्हित किया तथा प्रबन्धक/सचिव श्री प्रखर त्रिपाठी को उक्त भूमि पर निर्माण व संचालन एवं विधिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत किया गया। |
| प्रस्ताव सं0–5 | श्रीमती पुष्पा त्रिपाठी, सदस्य ने प्रस्तावित "सरला मनीषी कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Sarla Manishi College of Pharmacy) के सुगम संचालन एवं प्रबन्धन हेतु समिति के प्रबन्धक/सचिव श्री प्रखर त्रिपाठी को उक्त कॉलेज के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव किया। |
| अनुमोदन– | उपस्थित सभी सदस्यों ने विचार–विमर्श कर सर्वसम्मति से प्रबन्धक/सचिव श्री प्रखर त्रिपाठी को प्रस्तावित "सरला मनीषी कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Sarla Manishi College of Pharmacy) के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति के प्रस्ताव का समर्थन किया तथा अध्यक्ष महोदय ने नियुक्ति पर अपना अनुमोदन दिया तथा अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन से सभा ने प्रस्तावित "सरला मनीषी कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Sarla Manishi College of Pharmacy) की स्थापना एवं संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही, विधिक एवं सामान्य सभी प्रक्रियाओं के निस्पादन एवं सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत एवं निर्देशित किया। |

अन्य विषय/प्रस्ताव न होने की स्थिति में अध्यक्ष महोदय को धन्यवादोपरान्त सभा की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

Prakhar
प्रबन्धक
सरला मनीषी एजूकेशनल ट्रस्ट
इन्दिरा नगर लखनऊ

Prakhar
प्रबन्धक
सरला मनीषी कॉलेज ऑफ फार्मेसी
गौरीगंज – अमेठी

# सरला मनीषी एजूकेशनल ट्रस्ट

4, साई धाम कालोनी सेक्टर–11 इन्दिरा नगर लखनऊ (उ0प्र0)
Mob.- +91 8879844842, 7021484718

पत्रांक ......मेमो.......                                                                                   दिनांक 07/09/2022

## सरला मनीषी एजूकेशनल ट्रस्ट की बैठक दिनांक 04.09.2022 का कार्यवृत्त की प्रमाणित प्रतिलिपि

**प्रस्ताव–2** श्री जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी, अध्यक्ष ने सभा को यह अवगत कराया कि समाज हित को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा पूर्व में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना हेतु प्रस्ताव किया गया था। अतः समिति द्वारा कटरा लाल गंज, गौरीगंज जिला अमेठी उत्तर प्रदेश में एक डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना एवं संचालन हेतु प्रस्ताव किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है।

<u>अनुमोदन</u>– उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से कटरा लाल गंज, गौरीगंज जिला अमेठी उ0प्र0 में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना के इस प्रस्ताव का समर्थन किया और स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही हेतु प्रबन्धक/सचिव श्री प्रखर त्रिपाठी को अधिकृत किया तथा उक्त कॉलेज की स्थापना में जैसे– भूमि, भवन, फर्नीचर, वेतन आदि मदों में व्यय हेतु समिति के कोष से धन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया एवं इन कार्यों हेतु भी प्रबन्धक/सचिव श्री प्रखर त्रिपाठी को अधिकृत किया गया।

**प्रस्ताव–3** डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार त्रिपाठी, सदस्य ने प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फॉर्मेसी कॉलेज के नामकरण की आवश्यकता से अवगत कराया तथा प्रस्ताविक संस्थान हेतु "सरला मनीषी कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Sarla Manishi College of Pharmacy) नाम प्रस्तावित किया।

<u>अनुमोदन</u>– उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज का नाम "सरला मनीषी कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Sarla Manishi College of Pharmacy) रखने का समर्थन किया।

Prakhar

**सत्य प्रतिलिपि**

**दिनांक : 04.09.2022**

**प्रबन्धक**

प्रबन्धक
सरला मनीषी एजूकेशनल ट्रस्ट
इन्दिरा नगर लखनऊ

Prakhar

प्रबन्धक
सरला मनीषी कॉलेज ऑफ फार्मेसी
गौरीगंज– अमेठी

# सरला मनीषी एजूकेशनल ट्रस्ट

4, साई धाम कालोनी सेक्टर–11 इन्दिरा नगर लखनऊ (उ0प्र0)
Mob.- +91 8879844842, 7021484718

पत्रांक मेमो-.......

दिनांक 04/09/2022

**सरला मनीषी एजूकेशनल ट्रस्ट की बैठक दिनांक 04.09.2022 का कार्यवृत्त की**

**प्रमाणित प्रतिलिपि**

**प्रस्ताव–4** श्रीमती सुष्मिता त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष ने यह प्रस्ताव किया कि प्रस्तावित कॉलेज हेतु भूमि चिन्हित कर दिया जाय तथा कटरा लाल गंज, गौरीगंज जिला–अमेठी उ0प्र0 में उपलब्ध समिति की भूमि गाटा सं0–593 कुल रकबा 3050 वर्ग मी0 को उक्त प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज हेतु चिन्हित कर दिया जाय।

**अनुमोदन–** उपस्थित सभी सदस्यों के समस्त विचारोपरान्त सर्व सम्मति से कटरा लाल गंज, गौरीगंज जिला–अमेठी उ0प्र0 में उपलब्ध समिति की भूमि गाटा सं0–593 कुल रकवा 3050 वर्ग मी0 को "सरला मनीषी कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Sarla Manishi College of Pharmacy) के निर्माण एवं संचालन हेतु चिन्हित किया तथा प्रबन्धक/सचिव श्री प्रखर त्रिपाठी को उक्त भूमि पर निर्माण व संचालन एवं विधिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत किया गया।

**प्रस्ताव–5** श्रीमती पुष्पा त्रिपाठी, सदस्य ने प्रस्तावित "सरला मनीषी कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Sarla Manishi College of Pharmacy) के सुगम संचालन एवं प्रबन्धन हेतु समिति के प्रबन्धक/सचिव श्री प्रखर त्रिपाठी को उक्त कॉलेज के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव किया।

**अनुमोदन–** उपस्थित सभी सदस्यों ने विचार–विमर्श कर सर्वसम्मति से प्रबन्धक/सचिव श्री प्रखर त्रिपाठी को प्रस्तावित "सरला मनीषी कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Sarla Manishi College of Pharmacy) के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति के प्रस्ताव का समर्थन किया तथा अध्यक्ष महोदय ने नियुक्ति पर अपना अनुमोदन दिया तथा अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन से सभा ने प्रस्तावित "सरला मनीषी कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Sarla Manishi College of Pharmacy) की स्थापना एवं संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही, विधिक एवं सामान्य सभी प्रक्रियाओं के निस्पादन एवं सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत एवं निर्देशित किया।

**सत्य प्रतिलिपि**

**दिनांक : 04.09.2022**

Prakhar

Prakhar

**प्रबन्धक**

प्रबन्धक
सरला मनीषी एजुकेशनल ट्रस्ट
इन्दिरा नगर लखनऊ